समाचार

# वैक्सीन अवश्य लगवाएं, संक्रमण से बचने कोरोना प्रोटोकाल का पालन करें–महापौर

## (महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आमजन से की अपील)

कोरबा 19 अप्रैल 2021 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने क्षेत्र के नागरिकबंधुओं से विनम्र अपील करते हुए कहा है कि प्राथमिकता कम में 45 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को वैक्सीन लगाई जा रही है, अतः अनिवार्य रूप से वैक्सीन लगवाएं तथा अपने आपको एवं परिवार को संक्रमण से सुरक्षित रखें। मास्क लगाएं, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें तथा जो नागरिकबंधु होम आईसोलेशन पर हैं, वे एवं परिवार के सभी सदस्य होम आईसोलेशन नियमों का पालन करें।

महापौर श्री प्रसाद ने विनम्र अपील करते हुए कहा है कि कोरोना का संक्रमण पुनः तेजी के साथ बढ़ रहा है, संक्रमण को रोकने के लिए राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा युद्धस्तर पर सभी आवश्यक कार्य किए जा रहे हैं। कोरोना का संक्रमण आगे न बढ़े, इसके लिए आवश्यक है कि हम सब पूरी तरह से सजग रहें, सावधानी बरतें, लाकडाउन के दौरान घर में ही रहें, बाहर न निकले, यदि आवश्यक कार्यवश घर से बाहर निकलना पड़े तो अनिवार्य रूप से मास्क लगाकर ही बाहर निकलें, सार्वजनिक स्थानों में सोशल डिस्टेंसिंग

का पालन करें, घर या बाहर जहां भी रहें समय–समय साबुन से हाथ धोते रहें या सेनेटाईजर से हाथों को साफ रखें। उन्होने आगे कहा कि राज्य सरकार के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन व नगर निगम कोरबा द्वारा एक ओर जहां कोरोना वैक्सीन लगाने का कार्य एक महाअभियान के रूप में किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए मास्क के उपयोग, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन तथा अन्य आवश्यक सावधानियों को अपनाने के संबंध में आमजन को लगातार जागरूक किया जा रहा है किन्तु कोरोना के विरूद्ध लड़ी जा रही इस बड़ी लड़ाई में आप सभी की सहभागिता एवं सहयोग अत्यंत आवश्यक है, अतः मेरा आग्रह है कि कोरोना प्रोटोकाल के नियमों का पूर्ण रूप से पालन करें, कोरोना महामारी का अंत करने में अपना सहयोग दें।

<u>होम आईसोलेशन शर्तो का पालन करें</u>– महापौर श्री प्रसाद ने अपील करते हुए कहा है कि जो नागरिकबंधु कोरोना रिपोर्ट पाजिटिव आने के बाद होम आईसोलेशन पर है, वे एवं उनके परिवार के सदस्य होम आईसोलेशन की शर्तो का पूर्ण रूप से पालन करें, घर से बाहर न निकले और न ही अपने घर में किसी बाहरी व्यक्ति को प्रवेश करने दें। संक्रमित व्यक्ति परिवार के सदस्यों से भी दूरी बनाकर रखें, पृथक शौचालय का उपयोग करें तथा परिवार के अन्य सदस्यों को संक्रमण से बचाएं।

<u>राजस्व मंत्री का प्राप्त हो रहा निरंतर मार्गदर्शन</u>– महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आमजन को दिए अपने संदेश में कहा है कि प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल कोरोना संक्रमण को रोकने, जिले के अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं, उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, वैक्सीनेशन कार्यो में और अधिक गति लाने सहित अन्य व्यवस्थाओं पर निरंतर मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं तथा उनके द्वारा स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

<u>पूरी कर्मठता के साथ दायित्व निर्वहन कर रहा निगम अमला</u>– महापौर श्री प्रसाद ने कहा है कि कोरोना संक्रमण के नियंत्रण हेतु जिला प्रशासन के कंधे से कंधा मिलाकर नगर पालिक निगम कोरबा के अधिकारी कर्मचारी पूरी कर्मठता के साथ दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। प्राथमिकता क्रम में नागरिकों को वैक्सीन सेंटरों में वैक्सीन लगवाने के कार्य से लेकर कोरोना पाजिटिव व्यक्तियों के होम आईसोलेशन की व्यवस्था, दवाईयों का वितरण एवं उनका पर्यवेक्षण सहित अन्य कार्यो का निर्वहन पूरी सजगता के साथ निगम का अमला कर रहा है। इसके साथ ही वार्डो, बस्तियों, सार्वजनिक स्थानों, आवासीय व व्यवसायिक क्षेत्रों, कार्यालयों, अस्पतालों सहित अन्य विभिन्न स्थानों पर लगातार सेनेटाईजेशन कर संकमण मुक्त करने का कार्य निगम अमले द्वारा कराया जा रहा है।